Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide regional connectivity for Jhunjhunu district, Rajasthan.

श्रीमती संतोष अहलावत (झुन्झुनू): महोदया, मैं आपकी आभारी हूं कि आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका दिया। आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहती हूं। छोटी जगह रहने वाले लोगों को भी उन्होंने रीजनल कनेक्टिविटी के तहत पंख दिए हैं। मेरा संसदीय क्षेत्र बहुत महत्वपूर्ण है। यहां सामरिक दृष्टि से भी ऐसी बात है, जिसे मैं यहां व्यक्त नहीं कर सकती हूं। शिक्षा के क्षेत्र में भी पिलानी एक हब है। बिट्स एक जाना माना संस्थान है, जहां देश-विदेश के छात्र अध्ययनरत् हैं। देश की सकल आय में भी मेरे यहां के बिरला, गोयंका, झुन्झुनूवाला, पोद्दार, कदारिया आदि बहुत लोग योगदान करते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण जिले को रीजनल कनेक्टिविटी के तहत कम से कम देश की राजधानी से जोड़ दिया जाए। इस हेतु मैं आपकी बहुत-बहुत आभारी रहूंगी।

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्रीमती संतोष अहलावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।